## Regarding setting up of Sainik Canteen in Deoria and Kushinagar

श्री रमाशंकर राजभर **(सलेमपुर) :** सभापति महोदय, हमारे देश का सैनिक देश की सेवा करता है । आज तक पूरे देश के सभी जिलों में सैनिक कैन्टीन तक नहीं खुल पायी है । मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया जनपद में केवल गोरखपुर में कैन्टीन है । देवरिया जनपद और कुशीनगर जनपद के सैनिक वहां जाते हैं। आठ से दस हजार सैनिक जब तक गोरखपुर पहुंचते हैं तब तक कैंन्टीन का सामान समाप्त हो जाता है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि कम से कम कुशीनगर और देवरिया जनपद में सैनिकों के लिए सैनिक कैन्टीन खोली जाए । मैं इसकी सरकार से मांग करता हूं ।